के सहारे अपनी सरकार चलाती रहें । प्रकृति ने हिमाचल प्रदेश को ऐसा पानी दिया है कि वह 20 हजार मेगावाट बिजली पैदा करने की क्षमता रखता है । ऐसे पत्थर दिये हैं जो करोड़ों टन सीमेंट पैदा करने की क्षमता रखता है । ऐसा प्राकृतिक सौन्दर्य दिया है कि जिस को देखने के लिए न केवल देश से बल्कि विदेश से भी हर वर्ष लाखों पर्यटक आते हैं। इन स्रोतों के दोहन करते बर्खास्त भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने कुछ महत्वपूर्ण निर्णय लिये थे और यह संकल्प लिया था कि हिमाचल प्रदेश को आत्म-निर्भर बनायेंगे और स्वावलंबी बनायेंगे और उन्होंने एक तीन सूत्री कार्यक्रम बनाया था । नम्बर-1, प्रदेश में नये आर्थिक साधन जुटायेंगे नं. 2 केन्द्र से अपने अधिकार लेंगे और नं. 3 फजूलखर्ची पर रोक लगायेंगे आज मैं आपके माध्यम से इस माननीय सदन का ध्यान भारतीय जनता पार्टी की सरकार के उस मत की ओर ले जाना चाहता हूं जिसके अन्तर्गत उन्होंने यह कहा था कि हम दिल्ली से अपने अधिकार लेंगे । आज जो प्रदेश गैस पैदा करता है उसका रायल्टी का अधिकार मिला हुआ है, जो प्रदेश तेल पैदा करता है वह रायल्टी का अधिकार रखता है, जो कोयला पैदा करता है वह भी रायल्टी का अधिकार रखता है, लेकिन हिमाचल प्रदेश जो बिजली पैदा करता है उसको उस अधिकार से वंचित रखा गया है । यह लगभग दो सौ करोड़ रुपये प्रति वर्ष बनते हैं । भारतीय जनता पार्टी की सरकार को असंवैधानिक तरीके से हिमाचल प्रदेश में तोड़ा गया । वह इस चीज के लिए प्रयास कर रही थी कि यह अधिकार उसको मिले और सरकार ने सैद्धांतिक तौर से इसको स्वीकार भी किया था कि 1990 के बाद जो हिमाचल प्रदेश की धरती पर इस प्रकार की परियोजनायें बनेंगी उनके लिए उसको 12 परसेंट निःशुल्क बिजली मिलेगी । लेकिन हमारी सरकार इस बात के लिए भी प्रयास कर रही थी कि 1990 से पहले भी हिमाचल प्रदेश की धरती पर जो परियोजनायें बनी हैं उसमें भी उसको रायल्टी मिलनी चाहिए । यह मांग उन्होंने चला रखी थी, लेकिन उस सरकार को बर्खास्त कर दिया गया । आज इस मांग ने जन-आन्दोलन का रूप ले लिया है । आज हिमाचल प्रदेश की ठंडी धरती से, देव भूमि से, लोगों ने निर्णय लिया है कि वहां के पंच प्रधान और जनता के प्रतिनिधि लगभग पांच हजार की संख्या में 10 मई को दिल्ली की इस तपती धरती पर धरना देंगे और अपनी मांगों के समर्थन में धरना देंगे और अपने अधिकारों को लेकर रहेंगे । जैसा कि मैंने आपके माध्यम से इस माननीय सदन का ध्यान और सरकार का ध्यान भारतीय जनता पार्टी की इस मांग की तरफ दिलाया है वहां मैं विशेष रूप से आपके माध्यम से अपने संचार मंत्री से आग्रह करूंगा कि उन्हें वे आज केन्द्र में बैठ कर सरकार के संचार मंत्री हैं वहां वे हिमाचल प्रदेश के प्रतिनिधि भी हैं, वे हिमाचल प्रदेश की जनता का प्रतिनिधित्व करते हैं । मुझे आशा ही नहीं पूर्ण विश्वास है कि वे इस मांग को, हिमाचल प्रदेश की जनता की मांग को, भारतीय जनता पार्टी की मांग को, पूर्ण रूप से अपना समर्थन और सहयोग देंगे और इन मांगों को, मनवाने में सफलता प्राप्त करेंगे । इन्हीं शब्दों के साथ मैं आपके प्रति धन्यवाद करता हूं ।

THE BEEDI AND CIGAR WORKERS (CONDITIONS OF EMPLOYMENT) AMENDMENT BILL, 1990

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI V. NARAYANASAMY) : Now we will take up the Beedi and Cigar Workers (Conditions of Employment) Amendment Bill, 1990.

Mr. Sangma.

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF LABOUR (SHRI P. A. SANGMA) : Mr. Vice-Chairman, Sir, I beg to move :

"That the Bill to amend the Beedi and Cigar Workers (Conditions of Employment) Act, 1966, be taken into consideration."

The Beedi and Cigar Workers (Conditions of Employment) Act, 1966 has been enacted to provide for the welfare of the workers in beedi and cigar establishments and to regulate the conditions of their work and matters connected therewith.

Beedi and Cigar Industry, essentially an agro-based industry is mainly concentrated in the States of Andhra Pradesh, Bihar, Gujarat, Karnataka, Kerala, Madhya Pradesh, Maharashtra, Orissa, Rajasthan, Tamil Nadu, Uttar Pradesh and West Bengal. It provides employment to about 44.72 lakh workers most of whom belong to the Scheduled Castes, Scheduled Tribes and other backward classes. The industry is, by and large, unorganised as only a small percentage of production is undertaken in regular establishments.

The Act is enforced by the State Governments. They were experiencing certain difficulties in effective implementation of the Act. In order to overcome such difficulties and to enlarge the scope of coverage of beedi workers, a Bill was introduced in the Rajya Sabha on 30th December, 1987 and was passed by the House on 14th March, 1989. While it was pending in Lok Sabha, the 8th Lok Sabha was dissolved and the Bill lapsed. The same Bill had been re-introduced in Rajya Sabha on 30th May, 1990. The Bill seeks to make amendments which would not only make provisions regarding conditions of work more favourable for the workers but also facilitate enforcement of the existing provisions.

Some of the proposed amendments are :—

(i) To extend the coverage of the Act to employees working in godowns and warehouses and also those who are working with the permission of or under agreement with both the employer and contractor;

(ii) To make the provision regarding calculation of overtime wages to the workers employed on piece-rate basis more clear and unambiguous;

(iii) To confer on the appellate authority the powers of civil court for the purpose of compelling attendance of witnesses and compulsory production of records;

(iv) To reduce the number of female employees from 50 to 30 for providing a suitable creche facilities inside the industrial premises by the employer for the children under the age of six years of such female employees;

(v) To make penal provisions more stringent;

(vi) To empower the State Govts. to prescribe the time limit within which a dispute between an employer and employee relating to the issue of raw materials by the employers to the employees, payment of wages for the beedi and cigar, or both, rejected by the employer etc. shall be referred for settlement.

India has ratified the Labour Inspection Convention No. 81 of the International Labour Organisation. Accordingly, the Bill also seeks to introduce a provision that Labour Inspectors shall treat as absolutely confidential the source of any complaint regarding the breach of any provisions of the Act.

These amendments to the Act would go a long way to remove the administrative and practical difficulties faced by the implementing agencies in enforcing the provisions of the Act.

With these words, I commend the Bill for unanimous support of this august House.

The question was proposed.

3.00 P.M.

श्री सुन्दर सिंह भंडारी (राजस्थान) : उप-सभाध्यक्ष महोदय, यह बात तो समझ में आ सकती है कि 1988-89 का जो बिल लैप्स हुआ, उसको आप इस समय इन्ट्रोड्यूज कर रहे हैं। लेकिन ज्यादा अच्छा होता अगर एडमिनिस्ट्रेटिव और प्रैक्टिकल डिफिकल्टी का निवारण करने के साथ-साथ इस उद्योग में जो लगे हुए लाखों, आपने स्वयं माना है कि गरीब तबके के लोग हैं, शैड्यूल्ड ट्राइब्स और शैड्यूल्ड कास्ट के लोग हैं, उनकी वर्किंग कंडीशन को इम्प्रूव करने के लिए भी इसमें बहुत से प्रोविजन ले आ सकते थे। अब जब यह इन्ट्रोड्यूज हो रहा है, राज्य सभा में, तो मैं समझता हूं कि सरकार को इसे प्रेस्टिज का इश्यू नहीं बनाना चाहिए। उसे अपनी तरफ से भी ओरिजनल ऐक्ट में कुछ प्रोविजन जोडकर, जो आज उनकी वर्किंग कंडीशन को इम्प्रूव करने वाले साबित हो सकते हैं, उनको अमेंडमेंट के तौर पर सरकार खुद ले आए और एक कम्प्रहैंसिव बिल अगर इस रूप में पास किया जा सके तो वह ज्यादा अच्छा होगा।

महोदय, इस क्षेत्र में लाखों लोग काम कर रहे हैं। लेकिन अभी भी उनकी वर्किंग कंडीशन्स ठीक नहीं हैं। आपने गवेजन इन्क्लड किये हैं। लेकिन इन-ह्यूमन कंडीशन में उनको काम करना पड़ता है। उनकी हैल्थ पर बुरा असर पड़ता है। इनको मेडिकल फैसिलिटीज नहीं हैं। उनके बच्चों के लिए, जब ये जिंदगीभर एक ठेकेदार के नीचे या इम्प्लायर के नीचे काम करते हैं, फिर भी इस बारे में उनको किसी प्रकार की गारण्टी नहीं है। उनकी जीविका की दृष्टि से वेलफेयर वरकर्स फंड आपने बनाया जरूर है परन्तु जो मैन्फैक्चर्ड बीडियों पर से सेस वसूल होता है, वह अकाउंट बहुत पुराने जमाने से चला आ रहा है। आज वेलफेयर स्कीम को बहुत ज्यादा बढ़ाने की आवश्यकता है। इस कारण से इस सेस को भी रिवाइज करने की बात सोची जानी चाहिए ताकि मजदूरों की हालत सुधारने के लिए, उनके बच्चों की शिक्षा और स्वास्थ्य की दृष्टि से व्यवस्था की जा सके। कल भी आपने जब चाइल्ड लेबर की बात की थी तो यह भी एक ऐसा क्षेत्र है जिसमें बच्चे बहुत ज्यादा काम करते हैं। फेमली सर्कमस्टांसेज की मजबूरियों में इस काम को करते-करते अगर उनकी शिक्षा की भी व्यवस्था साथ हो जाए तो उसका इंतजाम ज्यादा अच्छा हो सकता है। इसका भी आप विचार करें कि सारे देशभर के लिए क्या एक कम्प्रहैंसिव ला इन सारी बातों को संभालने के लिए किया जा सकता है।

फिनिशिंग वेजेज भी अलग-अलग हैं, चोरी करती हैं, यूनीफार्म नहीं है। इस संबंध में भी सरकार कुछ प्रावधान करे और ऐसा कानून बनाए कि इसका पालन न करने वालों के ऊपर पिनल एक्शन लिया जा सके। हम सदिच्छा प्रकट तो करें लेकिन सदिच्छा को कार्यान्वित करने के लिए अगर व्यवस्था नहीं होती है तो फिर हमारी सदिच्छाएं ठीक प्रकार से कारगर साबित नहीं होती हैं या फिर हमें स्पष्ट रूप से यह व्यवस्था करनी चाहिए कि कानून में पाबंदी होने के बाद भी जो लोग सरकारी अधिकारियों के साथ सांठ-गांठ कर के इन सारे नियमों को लागू करवाने के रास्ते से बच निकलते हैं और संरक्षित लाभ इस क्षेत्र में काम करने वाले मजदूरों के बच्चों को नहीं मिल पाता है तो कुछ व्यवस्था उसके लिए होनी चाहिए। आप एक ऐसी मोनिटरिंग एजेंसी नियुक्त करें जो समय-समय पर ऐसे केन्द्रों पर खुद जा कर निरीक्षण करे कि कौन से नियम लागू किए जा रहे हैं और कौन से लागू करना आवश्यक है।

इस क्षेत्र में महिलाएं भी काम करती हैं। वे अपने घरों पर भी बीड़ियां बनाने के लिए

ले जाती हैं। लेकिन ऐसे केन्द्रों पर भी महिलाएं बीड़ी बनाने का काम करती हैं। उनके साथ शोषण किये जाने की संभावनाएं हैं। अब सवाल खड़ा होता है कि इसको कैसे रोकें। पुरुषों और महिलाओं के वेजज में भी अन्तर है। बीड़ी बनाने का तो ऐसा काम है चाहे पुरुष बनाएं या महिलाएं, इनके लिए समान वेतन की व्यवस्था होनी चाहिए। अभी तक यह अंतर क्यों चला आ रहा है, इस पर गम्भीरता से विचार करने की आवश्यकता है। क्या हम इम्प्लायमेंट की शर्तों में इन बातों की व्यवस्था कर सकते हैं कि इस तरह का अंतर इसमें न हो और महिलाओं और पुरुषों को समान काम के लिए समान वेतन प्राप्त करवाया जा सके।

इस क्षेत्र में कोआप्रेटिव्ज को बढ़ाने के लिए भी सरकार की तरफ से पहल होनी चाहिए। महिलाएं खुद अपनी छोटी-छोटी सहकारिता समितियां बनाकर खुद अपने परिश्रम और लागत पर फायदा कोआप्रेटिव्ज के माध्यम से उठा सकें लेकिन इस बात की व्यवस्था अभी तक नहीं हुई है। इस व्यवस्था को कैसे लागू किया जा सकता है, सरकार को इस पर भी विचार करना चाहिए।

मैं समझता हूं इन मजदूरों या काम करने वाले लोगों की वर्किंग कंडीशंस, वेजेज और प्रोविडेंड फंड की बातों पर कानून में कुछ अधिक कड़ाई की भाषा लिखवाने के लिए सारी मशीनरी की व्यवस्था इस कानून में जोड़कर सरकारी अमेंडमेंट के माध्यम से होनी चाहिए। मुझे ऐसा लगता है कि 6 साल के बाद रेगुलर रोस्टर के तरीके से यह कानून आ सका है। अब यह जो अपर्चुनिटी मिली है, मेरा मंत्री महोदय को सुझाव होगा कि इसी कानून में सरकार की तरफ से दो-तीन और संशोधन जोड़कर इसी समय एज अमेंडेड कानून को पास करवा लें। ताकि इस सोशल लेजिस्लेशन के लिए, और नया टर्म, और नयी देरी इस अच्छे काम में न हो सके। मुझे विश्वास है कि मंत्री महोदय और सरकार इन सुझावों पर विचार करेगी और कम्प्रेहेंसिव प्रोविजन्स सहित इस कानून को पास करवाने का इन्तजाम करेगी।

चौधरी हरि सिंह (उत्तर प्रदेश) : माननीय उपसभाध्यक्ष जी, सदन में बीड़ी और सिगार वर्कर्स का जो अमेंडमेंट बिल है उसके बारे में चर्चा हो रही है। यह बिल बहुत दिनों से पेंडिंग था अमेंडमेंट्स के लिए। प्रसन्नता है कि इस सेशन में यह आ गया और मुझे आशा है कि यह पास भी हो जाएगा। लेकिन गौर से अगर आप पूरे बिल को देखें शुरू से आखिर तक—इन अमेंडमेंट्स को जो मौजूद हैं, पेश हैं इनको भी दृष्टिगत करते हुए देखें तो जो बीड़ी वर्कर्स की कण्डीशंस हैं, हालत है, उनकी जो आवश्यकता है, सचमुच में, वास्तव में जो उनकी वर्किंग कण्डीशंस हैं, जिन स्थानों पर काम करते हैं, उनके काम करने का जो समय है, आवर्स हैं, उनके साथ जो व्यवहार होता है, इन सबको अगर दृष्टि में रखकर देखें बड़े पैमाने पर तो यह बिल, पूरा का पूरा जो कानून है यह अधूरा रह जाता है।

सोशल सिक्योरिटी—इंडियन कंस्ट्रीट्यूशन के मुताबिक, भारतीय संविधान के मुताबिक हमको जो वीकर सेक्शन के लोग हैं, गरीब, निर्धन, निर्बल वर्ग के लोग हैं, उनके लिए डाइरेक्शन है कि उनके वेलफेयर में हमको वास्तव में दिलचस्पी लेनी चाहिए। आप देखें कि इसमें करीब-करीब 16 लाख के करीब आदमी बीड़ी बनाने के काम में लगे हुए हैं और 15 राज्यों के अंदर बड़े पैमाने पर यह काम होता है, और कुछ स्टेट्स में तो बड़े इन्टेंसिव तरीके से काम किया जाता है। इसके साथ-साथ जंगल से जो तेंदू लीफ है, बीड़ी का पत्ता जो होता है उसको इकट्ठा करने वाले भी

इसी धंधे से जुड़े रहते हैं। तो जैसे मैंने कहा कि यह जो बिल है यह सारी आवश्यकताओं, मांगों और उनके हालात को सुधारने की जो भावना है, कामना है उसको पूरा नहीं करता है। अभी जो हमारे साथी बोल रहे थे वे बहुत अच्छे इंडीकेशन दे रहे थे। हमको एक सम्पूर्ण बिल ऐसा बनाने पर विचार करना चाहिए जो कि वास्तविकता में वह उनके जीवनायापन के लिए कल्याणकारी कानून हो।

आप गौर से जाकर देखें जहां ये बीड़ी बनाते हैं। बड़ी गंदी बस्तियां हैं जहां न पीने के पानी का प्रबंध होता है, गली-कूचे कीचड़ में पड़े रहते हैं। काम करने वालों के बच्चे वहीं खेलते रहते हैं। हेल्थी कंडीशंस नहीं होती हैं, हाइजीनिक कंडीशंस नहीं होती हैं। ऐसी कंडीशंस में वे बेचारे बनाते हैं। दुर्भाग्य उपर से है कि जो इस कानून के मुताबिक हमारे इंस्पेक्टर्स वगैरह बने हैं वे उनकी उचित देखभाल नहीं करते बल्कि बीड़ी बनाने वाले जो मालिक हैं उनसे वे मिल जाते हैं। उनका जो काम है, जो उनकी ड्यूटीज हैं उनको भूल जाते हैं। प्रलोभन और लालचवश उस वर्ग को भूल जाते हैं जिसके लिए उनको नियुक्त किया जाता है अगर गौर से देखें तो जो मामूली वर्कर होता है वह एक तरह से बंधुआ मजदूर होता है। उनके पास पैसा नहीं होता है रोजाना की जिंदगी के लिए। रोज सामाजिक, व्यक्तिगत अपने जीवनयापन के लिए पैसे की आवश्यकता पड़ती है। नतीजा यह होता है कि वह बड़ा कमीशन देकर, पैसा कटाकर, सूद एडवांस कटाकर बीड़ी मालिकों से रुपया ले लेता है और उनकी बीड़ियां बनाकर पूरा करने का वायदा उनसे करता है। लिखित में देता है, रुपया उनसे दुगुना, तिगुना लिखवाते हैं। नतीजा यह है कि वह बीड़ी वर्कर—अगर गौर से स्टडी करें, सर्वे करें, कुछ लोगों ने किया भी है, उसका हवाला देने का वक्त मेरे पास नहीं है—तो देखेंगे कि हालत बंधुआ मजदूरों जैसी है। उनके उत्थान और उनकी उन्नति का ख्याल आप कर ही नहीं सकते हैं जब तक कि उनको आर्थिक तौर पर स्वतंत्र न करें। उनकी वेज पालिसी बनाई जरूर है लेकिन उसको इंप्लीमेंट नहीं करते हैं उनकी जो शर्तें हैं काम करने की उसमें कह दिया कि तुमने बीड़ी अच्छी नहीं बनाई है और उनको पैसा नहीं देते हैं। दो-तीन रोज के बाद मालिक गुस्सा हो गया तो काम नहीं देगा। सौ पत्ते दिये थे, आपने चार पत्ते खराब कर दिये तो जिन पत्तों के लिए काम भी किया उनका पैसा नहीं देगा। इन सब चीजों को देखने के लिए आपने अधिकारी बनाया तो है, लेकिन वह अधिकारी उन मालिकों से मिल जाता है और उनका शोषण करने में और सहायता करता है। उसके लिए वाचडाग कौन होगा ? इतना बड़ा महकमा खड़ा नहीं किया जा सकता जितनी की आवश्यकता हो, लेकिन इसके लिए वाचडाग जो होना चाहिए, वह हमारे सोशल वर्कर्ज, जो जिले में, वहां के शहरों में जो लोग हैं, चाहे वह वालंटरी आर्गेनाइजेशंस के लोग हों, इस तरह के लोगों का भी इनवाल्वमेंट उनके कल्याण कार्य के साथ-साथ रहना चाहिए। अकेले इंसपैक्टर पर या किसी अधिकारी पर छोड़ देना, यह मेरी समझ में उचित नहीं लगता है और उससे कानून का मंशा भी पूरा नहीं होता। बल्कि कांग्रेस सरकार की जो नीति है, जो उसका इंप्लिमेंटेशन का काम है, जो उनको लोन दिलाये जाने का काम भी है, उसके मुताबिक भी उनको नहीं मिलने देते।

मालिक यह शर्त कर देता है और यही नहीं जिस मालिक की वह बीड़ी बनाता है, वह कह देता है कि आप दो साल तक या चार साल तक मेरे अलावा और किसी की बीड़ी नहीं बनायेंगे यहां उनके काम करने की आजादी भी छिन जाती है। जैसे हमारे

संविधान में लिखा है कि जहां आपका मन चाहे, वहां काम करिए, जिसके यहां दिल चाहे, उसके यहां रोजगार कीजिए, उसकी नौकरी कीजिए, अपनी स्वतंत्रता से काम-धंधा करने की छूट है। लेकिन वहां पर आप प्रैक्टिकली जाकर देखें, इनकी उन बस्तियों में देखें, उनसे मिलें और रिए-लाइज करें, उनकी जानकारी करें, रिसर्च करें, तो आप देखेंगे कि उनके हालात ये हैं कि वह बाकायदा लिख में लिखवाते हैं कि मैं आपको बीड़ी बनाने के लिए अपने यहां रखता हूं, लेकिन आप चार साल तक मेरे यहां ही रहेंगे, किसी और के पास नहीं जा सकते हैं। अगर जाएंगे, तो इतने रुपए आपको देने पड़ेंगे, यह भी बाकायदा स्टाम्प पेपर पर करवाते हैं।

यह तो अठारहवीं सदी के कानून का प्रचलन मालूम होता है। तो मैं चाहता यह हूं कि इसके लिए सरकार की ओर से कोई ऐसी कमेटी बनाई जाए, जोकि इन सब चीजों को देख कर, बड़े पैमाने पर स्टडी करके, उनके बीच में रह करके, देख करके, जान-कारी करके, दो-चार हफ्ते वहां रहें और एक अच्छा नियम, साधन बना कर लायें, तब यह हो सकता है।

अब आधे से ज्यादा बच्चे और औरतें, जो बीड़ी बनाते हैं, वह कैंसर के मरीज होते हैं, क्योंकि यह तंबाकू तो खुद ही कैंसर पैदा करने वाला है। इसमें निकोटीन होती है, जो दमे की बीमारी करती है और निकोटीन से सब से बड़ा नुकसान यह होता है कि उससे अंगुलियां गल जाती हैं।

मिल मालिकों को या सरकार को कोई ऐसी चीज निकालनी चाहिए बीड़ी बनाने वालों के लिए साइंटिस्ट लोगों से कहें, एक्सपर्ट्स से कहें कि कोई ऐसा दस्ताना या कोई चीज निकालें, जिसको पहन करके, जैसे डाक्टरों के पास बड़े-बड़े पतले दस्ताने होते हैं, जिसे पहन कर वह संग-संग बीड़ी बनाते रहें। हमने देखा कि बहुत से बच्चे जो बड़े खूबसूरत होते हैं, लेकिन उनकी अंगुली आधी गायब है, कटी हुई हैं। निकोटीन की जो एसिडिटी होती है, वह सब काट देती है।

तो हैल्थ में उनको जीवित रखना, उनको तंदरुस्त बनाना तो दूर रहा, बल्कि जो काम करते हैं बहुत से, उनकी अंगुलियां खराब हो जाती हैं। इन सब चीजों का उपाय करने की बड़ी आवश्यकता है।

मान्यवर, मेरा आपके माध्यम से सरकार से अनुरोध है कि सरकार कोई कमेटी बनाये, इनडेप्थ स्टडी करे। बीड़ी मालिक तो कुछ काम नहीं करते, वह सिर्फ तो उसे बेचने का, व्यापार का काम करता है। आपके जो बड़े-बड़े कारखाने हैं, वहां पर सब जगह बोनस का सिस्टम है। आप प्राफिट से कुछ न कुछ शेयर—इस तरह से सरकार भी बोनस देने लगी है। बैंकों में भी हर जगह कुछ न कुछ, किसी न किसी रूप में, किसी न किसी शक्ल में वह रुपया मिल जाता है।

तो, मान्यवर, मेरा आपसे आग्रह है कि यह सारी जो बीड़ी बनाने की जिनकी बड़ी-बड़ी कंपनियां हैं और वह बड़ी रकम वाले, बड़े मालदार होते हैं, इनका इतना बड़ा बिजनेस सारे देश में चलता है। तो, मान्य-वर, मेरा आपसे यह आग्रह है कि 25 प्रति-शत उनका बोनस तय कर दें, जो बीड़ी मालिक हैं, उनके यहां से कितने की बिक्री हुई, कितने का माल गया, वह सारा हिसाब करने के बाद 25 प्रतिशत बोनस, जो उनके बीड़ी वर्कर्ज हैं, जो बीड़ी बनाने वाले हैं, बच्चे और स्त्री-पुरुष, उनको दे देना चाहिए, एनुअली या छिमाही या तिमाही, यह सब तय करने के लिए कानून की बहुत आवश्यकता है। वरना, उनका जीवन तो ऐसा है, जैसा समझिये जैसा होता है ना, स्लो सूसाईड कर रहा है आदमी।

तो इन कंडिशंस के सुधार करने की बहुत आवश्यकता है। सब से बड़ी बात मैं आखिर में यह कहना चाहता हूं कि किसी भी बीड़ी बनाने वाले मालिक को तब तक बीड़ी बनाने की इजाजत नहीं देनी चाहिए जब तक कि उसके पास हैल्थी वातावरण वाला कोई साफ-सुथरी जगह वर्कर्ज के लिए नहीं है। वह नाली के किनारे सड़ी-गली जगह, जहां पर आदमी जिन्दा नहीं रह सकता, कीचड़ में बैठे हुए हैं, कूड़ा पड़ा हुआ है, अंबार लगे हुए हैं, चले जाइये गंदे से गंदा कूड़ा पड़ा हुआ है, वे बेचारे बीड़ी बनाते रहते हैं और मालिक आकर देखता रहता है।

तो, मान्यवर, मेरा यह भी आग्रह है कि इसमें अगर बीड़ी बनाने का कोई लाइसेंस होता हो, या अगर नहीं है, तो ऐसे आदमी को तब तक बीड़ी बनाने का हक नहीं होना चाहिए, या बेचने का हक, या सप्लाई करने का हक नहीं होना चाहिए जब तक कि वह बीड़ी वर्कर्ज के लिए साफ जगह, जिसमें बैठ कर वह बीड़ी बना सके और वहां उसके लिए पीने के पानी की व्यवस्था भी हो, हैल्थी वातावरण हो। यह सब जब तक नहीं हो, आपको किसी को इजाजत नहीं देनी चाहिए। तो मान्यवर, यही मेरे विचार थे। इस संबंध में मैं फिर माननीय मंत्री जी से चाहूंगा कि वे इन-डैप्थ स्टडी करा लें और इनके वैलफेयर के लिए बड़े पैमाने पर काम करने की आवश्यकता है। इन्हीं अल्फाज के साथ, मैं आपको धन्यवाद देता हूं।

SHRIMATI MIRA DAS (Orissa) : Mr. Vice-Chairman, Sir, I come from the State of Orissa and I know how powerful the tendu leaf traders are. In the 'fifties' and 'sixties' and even in the 'seventies' they were so powerful. The tendu leaf traders were behind the making and unmaking of even Governments also. Those who actually make the beedis are the very poor people and the Minister has himself admitted that a large number of people are engaged in making beedis. The previous speakers have already stated that they work under unhealthy and pitiable conditions and they are exploited by the employers or the *thekedars*, whatever you call them. From the outside we will find that the beedi workers are independent workers. But actually they are not. They are always exploited by the employers or the *thekedars*. So far there is not a single comprehensive Central law covering all aspects of the beedi industry, particularly the workers. The law which was enacted in 1966, that is, the Beedi and Cigar Workers Act, did not differentiate the home-made beedi workers and the factory workers and the State Government's power was also not accepted by some of the employers and the Government had to bow down before those employers. The provisions of various Central laws applicable to the workers are not strictly implemented and the facilities envisaged thereunder are not actually extended to them. The laws enacted at different times for the beedi and cigar workers have not given any benefit to the workers. Generally the law-makers and those incharge of implementing the laws are in collusion with the employers. They accept corrupt methods and I am afraid that the present Act and the present amendment may not help the workers because the same think will happen. The employers with the connivance of the inspectors behave the same way as they had done to the workers earlier.

In most of the places the beedi workers are women and they are always exploited. They are not given the benefits of the maternity benefit scheme although the provisions of the scheme are applicable to them. They are exploited. They are not given equal wages. They are not treated

on par with men. Women workers have to work throughout the day. They have to sit with tobacco. Tobacco is very hazardous to health. They have not been given proper health care and adequate and specialised medical facilities are not provided to them. Sometimes they are not in a position to get pure drinking water. I have visited some of the colonies of beedi workers in Karnataka and I have personally seen the conditions in their colonies. They are in unhealthy conditions. If the Minister wants to make some law, it is not going to help. If he wants to help the workers, he has to take some welfare measures which will actually help the workers. I congratulate the Minister on bringing this amendment. But at the same time, as I said earlier, it may not be helpful to the workers. I would like to give some suggestions for the welfare of the beedi and cigar workers. First, promote and strengthen the cooperative movement among them. They are unorganised. They should be organised. They should be given housing loan and other benefits also. They should be given the benefit of Provident Fund scheme. At some places this facility is available. But they are not given proper facilities to utilise the Provident Fund Scheme.

The second is proper utilisation of beedi workers' welfare fund. The welfare fund is not properly utilised. As I said earlier, they should be given housing loan so that they can have their own house. My third suggestion is, stop the exploitation of child labour. The previous speaker also said that children are being exploited. Yesterday also we discussed child labour. Sir, most of the workers are children. Whatever amount is given to them they accept it. Then employers are also interested in getting child labour. They don't have the insurance scheme also. Some help should be provided to the aged workers who are not in a position to work. Some provision should be therefor the aged workers under which they can get help from the employer or from the Government. I would like to tell the Minister that if the Government is actually interested to help the workers, the Government should strictly implement the law and find out whether the law is actually in a position to help the poor workers.

श्री मूलचन्द मीणा (राजस्थान) : उपाध्यक्ष महोदय, पहले तो मैं इजाजत चाहता हूं अपनी सीट से आगे आकर बोलने की।

उपसभाध्यक्ष महोदय, बीड़ी तथा सिगार कर्मकार (नियोजन की शर्तें) संशोधन विधेयक, 1990 जो इस माननीय सदन में प्रस्तुत है, इसका मैं समर्थन करता हूं क्योंकि इस विधेयक को लाने में मंत्री जी की जो भावना रही है, वह बहुत अच्छी है। एक ऐसे तबके के लोगों के लिए, जो सबसे नीचे के स्तर का तबका है और जो बीड़ी मजदूर का कार्य कर रहे हैं, जो आर्थिक दृष्टि से गरीब हैं, उनके लिए और उनके कार्य में आने वाली जो दिक्कतें हैं, जो बीड़ी बनवाने वाले ठेकेदारों द्वारा उनको प्रताड़ित किया जाता है, उन दिक्कतों को दूर करने से संबंधित यह जो भावना मंत्री जी की है, उसी भावना से यह विधेयक लाया गया है। इसलिए मैं इसका स्वागत कर रहा हूं।

उपसभाध्यक्ष महोदय, आज इस देश के अंदर बीड़ी और सिगार मजदूर जो हैं, उनको दैनिक वेतन किसी स्थान पर 12/- रुपए से 14/- रुपए और किसी स्थान पर 4/- रुपए से 5/- रुपए मिलता है। इन मजदूरों के वेतन में एकरूपता भी जरूरी है। इसके साथ ही बीड़ी मजदूरों के लिए जो ठेकेदारी प्रथा है, इसके लिए मैं मंत्री जी से यह निवेदन करना चाहूंगा कि ठेकेदारी प्रथा को समाप्त करें और मजदूरों की एक सहकारी समिति बनाकर सहकारिता के माध्यम से बीड़ी उद्योग को चलाया जाना

चाहिए, जिससे निश्चित रूप में बीड़ी मजदूरों को विशेष लाभ हो सकेगा।

उपसभाध्यक्ष महोदय, कई बार यह चर्चा भी आई है कि बीड़ी मजदूरों की बीमा योजना को लागू किया जाए। इस विधेयक में बीड़ी मजदूरों के लिए बीमा योजना लागू करने की बात को और जोड़ दिया जाए, जिससे उन कर्मकारों का भला हो सके। इससे निश्चित रूप से उनको, उनके परिवार को जीवन पर्यन्त एक रास्ता मिल सकेगा।

अन्त में, मैं यही कहूंगा कि इस विधेयक के माध्यम से जो अधिकार आप दे रहे हैं और जो कुछ प्रशासनिक या व्यावहारिक कठिनाइयां आ रही थीं उनको दूर करने के लिए जो आप इसमें संशोधन लाए हैं, मैं समझता हूं कि यह संशोधन विधेयक अच्छा है और इससे कुछ राहत तो बीड़ी मजदूरों को जरूर मिलेगी। मैं इतना ही कहना चाहता हूं। जयहिन्द।

SHRI SUNIL BASU RAY (West Bengal) : Mr. Vice-Chairman, Sir, the Bill is very important to several lakhs of unorganised workers working in Beedi and Cigar industries and also to the lot of workers who work on the farms which is also related. The Bill was prepared in 1990 and somehow it was not passed. Now, almost after more than 3 years we are going to adopt it. Even then the Government did not utilise the time it got to improve upon the Bill. The Government did not make the best use of that time. I will draw the attention of the Government to some of the clauses in the amendment Bill which I think should have been further amended during this time. For example, in clause (hh) on page 2 of the amendment Bill, 'godown' has been defined. But about the workplace of the beedi workers, most of whom are women who prepare or manufacture beedi in their houses, nothing has been said in this amendment Bill. These unfortunate women are deprived of all legal benefits, whatever little that is there. Next, I would like to draw the attention of the Government to a peculiar amendment in clause 7A (i) of the amendment Bill. It has been said that no inspector shall disclose the name of the person who has made the complaint. It is to protect the workers from the wrath of the employers that the inspectors have been directed not to disclose the name of the complainants. In the next paragraph, it has been added that if the person concerned does not object, then his name can be disclosed. I think that this is not proper in view of the situation that prevails in the country and which has made the Government to bring this amendment. I think that this aspect should be taken note of and the Bill should be amended accordingly. The next thing is, the Government has provided an explanation in the existing clause wherein the *modus operandi* of computing overtime wages has been defined. Here, it has been said in the original clause that even the workers employed on a piece-rate basis will get their overtime on a time-rate basis. Now, this has been a longstanding dispute in the workers' movement whether the piece-rate workers and the time-rate workers are getting the same benefit or not. Here also, there should be a legislation over the *modus operandi* of finding out as to what is the exact amount and whether the workers are getting the exact amount. In an organised industry, the workers are opting for the time-rate wage payment instead of the piece-rate one. This is more so in the coal industry. I think that this aspect should be taken note of before the finalisation of the Bill. So, at this stage, if the Bill is not amended further and the Government assures us that it will be amended, I think that it will not be able to serve the purpose. Our country has a large number of unorganised workers, especially, women and children. There is no health

service provided for them and there is also no organised trade union movement. They are to depend on the good and bad wishes of the employers. So, I think that there must be a proper organisation for the workers in which they can have their own representatives and defend their cases. Now, the next question that arises is the provision of health services for the workers. Now, there is no organisation. There is no ESI facility separately for them and as the industry is spread all over the country, it will be very difficult to give them the redress and ask them to go to that place. These workers suffer from all sorts of industrial diseases, and especially, tuberculosis. There are other diseases which the workers are prone to especially because of the hand-rolling of the beedis. This aspect should be taken care of and in consultation with the panchayats, the health services for these beedi workers and the rural workers, agricultural or quasi-agricultural workers, should be provided in the rural areas. Where there are big manufacturing centres and where mechanisation is advanced, the problem may be different and it will be easier to provide health services through the organised systems. I think that if the Government takes care of all these things, then the Government's intention will be fruitful. Unless it is done, the Bill will come and go but the workers will remain in the same darkness and realm of exploitation.

Thank you, Sir.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI V. NARAYANASAMY) : Shri Shanti Tyagi, not here. Shri Ish Dutt Yadav, not present, Shri Giri Prasad.

SHRI N. GIRI PRASAD (Andhra Pradesh) : Mr. Vice-Chairman, Sir, I support this Bill to the extent it goes. You know beedi workers in our country are in large numbers, almost twice the number of the public sector workers. So far as my information goes, there are 50 lakh beedi and cigar workers in the country. Though the Government is bound to implement the labour laws, it is unable to implement even the minimum things. For example, all the beedi workers are supposed to get identity cards. According to our information, only about 25 lakh beedi workers were given such identity cards. Then what happens to the remaining 25 lakhs ? Whose responsibility is this ? Why is the Government keeping mum on this aspect ? Why is it not pressurising the State Governments to implement even this minimum things ? Unless you identify the actual workers, how can you provide the minimum facilities and implement the labour laws or the welfare measures ? So, I would ask the Minister to kindly look into this aspect and take speedy steps to identify them, issue identity cards to the remaining 50 per cent workers and take necessary steps for the amelioration of their difficulties.

Sir, the second thing is that the main aim of the Government should be to cooperativise the sector. Unless they are brought into cooperative basis, the real benefits cannot accrue to them. But in the immediate future, it would not be possible to cooperativise all the beedi workers; it may take some time. There is one example in Kerala. One Dinesh Co-operative Society is there in Kerala and they are able to give Rs. 30/- per day as a minimum wage whereas in other States where these beedi workers are employed by the private manufacturers and others, they are giving them around Rs. 20/- per day or even less than that. So, there is an element of exploitation of these beedi workers. Some better wages can be given.

Moreover, the procurement of tendu leaves should be monopolised by the Government and they should supply to the manufacturers directly. Then the intermediaries and middlemen will go and some money can also be saved. According to a

